# पहली बारिश में ही नए रेलवे अंडरपास की खुली पोल

*पंप के सहारे निकला पानी*

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. सिंगापुर टाउनशिप के पास रेलवे द्वारा हाल ही में बनाया गया नया अंडरपास पहली ही बारिश में फेल साबित हुआ. पुराने अंडरपास में जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के दावे के साथ नया अंडरपास और पानी निकासी के लिए संप ( सम्प ) बनाया गया था, लेकिन कुछ घंटों की बारिश ने रेलवे की पूरी तकनीकी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए.**





बारिश के बाद नए अंडरपास में भी पानी भर गया, जिससे राहगीरों और आसपास की कॉलोनियों के रहवासियों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा. हालात ऐसे बने कि रेलवे को पुराने अंडरपास की तरह नए अंडरपास से भी पंप लगाकर पानी निकालना पड़ा. इसके बाद ही आवागमन सामान्य हो सका. स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि अंडरपास के निर्माण के दौरान बारिश के पानी की निकासी की पर्याप्त और स्थायी व्यवस्था नहीं की गई. उनका कहना है कि जब पहली ही बारिश में यह स्थिति बन गई, तो मानसून के दौरान लगातार या तेज बारिश होने पर अंडरपास पूरी तरह बंद होने का खतरा रहेगा.

### कुछ समय बाद निकल जाता है पानी

वहीं रेलवे के पीआरओ मुकेश कुमार ने कहा कि बरसात के दौरान अंडरपास में पानी भरना सामान्य बात है. उनका कहना है कि कुछ समय बाद पानी अपने आप निकल जाता है और यदि जलभराव बना रहता है तो पंप के जरिए पानी निकालने की व्यवस्था की जाती है.

**कार्य प्रणाली पर उठाए सवाल**-इधर किसान नेता हंसराज मंडलोई ने रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मामूली बारिश में ही नए अंडरपास की यह स्थिति है, तो 3-4 इंच बारिश होने पर क्या हाल होगा. उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद यदि पहली बारिश में ही पंप के सहारे व्यवस्था चलानी पड़े, तो निर्माण की गुणवत्ता और रेलवे की इंजीनियरिंग पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है. किसान नेता ने कहा कि इस अंडरपास में पहले भी पानी भरने के कारण एक युवा की मौत हो चुकी है इसलिए इस सिंगापुर टाउनशिप वाले बोगदे का स्थाई समाधान सरकार को करना चाहिए.

# हाईकोर्ट ने एमआईसी के आदेश को किया निरस्त

*कर्बला मेला लगेगा*

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हाईकोर्ट के स्थानों बेंच ने कर्बला मेले की एमआईसी द्वारा अनुमति निरस्त करने के निर्णय को निरस्त कर दिया है. साथ ही नगर निगम आयुक्त की अनुमति को बरकरार रखा है. इसके साथ ही एक बार फिर महापौर और निगम आयुक्त के बीच संबंधों में दरार पैदा होना तय हो गया है.**



मोहर्रम त्यौहार पर हर साल कर्बला मैदान पर मेला लगता है. उक्त मेले को लेकर कर्बला इंतिजामिया कमेटी ने नगर निगम आयुक्त से तीन दिन मेला लगाने की अनुमति मांगी थी. आयुक्त ने वार्षिक और वर्षो से कर्बला मैदान पर लगाए जा रहे मेले की अनुमति गुरुवार को जारी कर दी थी. उक्त अनुमति की जानकारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव को लगी, तो उन्होंने आपातकालीन एमआईसी की वर्चुअल बैठक बुलाई. बैठक में निगम आयुक्त और अन्य अधिकारियों से महापौर ने पूछा कि एमआईसी को जानकारी में लाए बिना अनुमति कैसे जारी कर दी? जबकि पिछले साल ही कर्बला मैदान इंतिजामिया कमेटी ने दुकानों का किराया नहीं दिया था. महापौर ने आपातकालीन एमआईसी की वर्चुअल बैठक में सर्वसम्मति कर्बला मैदान मेले लगाने की अनुमति निरस्त कर दी और सिर्फ ताजिए ठंडे करने की अनुमति दी. महापौर और एमआईसी द्वारा अनुमति निरस्त करने वाले फैसले के खिलाफ कर्बला मैदान इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल हमीद नियारगर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की. याचिका में नगर निगम और एमआईसी को पक्षकार बनाया. हाईकोर्ट में बताया गया कि मेले अनुमति एन वक्त पर निरस्त की गई है. आयुक्त की अनुमति के आधार पर सारी तैयारियां हो चुकी है. इस मामले में न नोटिस दिया और न ही सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने तर्कों से सहमत होकर एमआईसी के निर्णय को एक तरफा मानते हुए निगम आयुक्त द्वारा जारी अनुमति को बरकरार रखा और एमआईसी के आदेश को निरस्त कर दिया. हाईकोर्ट ने आदेश दिए कि आने वाले साल में कर्बला मैदान मेला कमेटी दो माह पहले अनुमति का आवेदन देंगे और नगर निगम 25 दिन पहले निर्णय लेकर सूचित करेगा.

### एक बार फिर महापौर और निगमायुक्त में ठनी

पुष्यमित्र भार्गव जब से महापौर बने है, उस समय एसे ही उनकी निगम आयुक्त से पटरी नहीं बैठ रही है. निगमायुक्त प्रतिभा पाल, हर्षिकासिंह, दिलीप यादव से महापौर का विभिन्न मामलों को लेकर समन्वय नहीं बना. अब क्षितिज सिंघल से कर्बला मैदान मेला को लेकर ठन गई. बताया जा रहा है कि महापौर ने वर्चुअल में आयुक्त क्षितिज सिंघल पर जमकर नाराजगी व्यक्त की. इसके बाद हाईकोर्ट द्वारा अनुमित बरकरार रखने के आदेश होने से महापौर को मुंह के खानी पड़ी. अब एक बार फिर आने वाले कुछ दिनों में आयुक्त और महापौर के बीच शीत युद्ध देखने को मिलेगा.

# निगम अग्रिम कर भुगतान की अंतिम तिथि 30 जून

- आज और कल अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे कैश काउंटर
- संपति कर एवं जलकर पर आकर्षक छूट

नव भारत न्यूज

**इंदौर**. नगर निगम अग्रिम कर जमा करने की आखरी तारीख 30 जून है. निगम द्वारा करदाताओं को संपत्ति और जलकर अग्रिम भुगतान पर 6.25 प्रतिशत के छूट दी जा रही है. निगम ने अग्रिम भुगतान करने हेतु आज और कल छुट्टी के दिन भी कैश काउंटर खुले रखे हैं.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल एवं राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान (गुड्डू) ने शहर के करदाताओं से अपील की है कि वे नगर निगम द्वारा अग्रिम कर भुगतान छूट योजना का लाभ उठाएं. 30 जून तक संपत्तिकर एवं जलकर का अग्रिम भुगतान कर बिग को सहयोग प्रदान करें. नगर निगम द्वारा संपत्तिकर पर 6.25 प्रतिशत तथा जलकर पर 6 प्रतिशत की आकर्षक छूट दी जा रही है. उक्त छूट अग्रिम भुगतान करने पर केवल 30 जून तक रहेगी. करदाताओं की सुविधा के लिए आज एवं रविवार अवकाश के दिन भी कैश काउंटर खुले रहेंगे. करदाता ऑफ लाइन और ऑन लाइन दोनों सुविधाओं पर भुगतान कर सकते हैं.

# नामांतरण घोटाले में उपायुक्त सहित कई को नोटिस

- ऑपरेटर के खिलाफ एजेंसी को कार्रवाई के निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम अब घोटालों का अड्डा बन गया है. सड़क ,ड्रेनेज घोटाले के बाद निगम में नामांतरण घोटाला सामने आया है. उक्त घोटाले को लेकर राजस्व प्रभारी अपर आयुक्त ने दो उपायुक्त, सहायक राजस्व अधिकारी को नोटिस जारी किए है. वहीं, आउट सोर्स कंपनी को ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है.

नगर निगम में जनवरी से मार्च के बीच 370 संपत्ति कर खातों के नाम बदल दिए गए. सभी नाम रात 10 से लेकर सुबह 3 के दरमियान बदले गए. बताता जा रहा है कि उक्त 370 संपत्ति कर खातों के नाम बदलने में दो उपायुक्त, चार सहायक राजस्व अधिकारी और आउट सोर्स कंपनी का कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल है. उक्त घोटाले को लेकर मैक आईडी और आईपी एड्रेस मांगा गया है, लेकिन निगम का आईटी विभाग अलग दोनों को अभी तक पकड़ नही पाया है. इस बात से निगम आयुक्त, अपर आयुक्त राजस्व, उपायुक्त और सभी आश्चर्यचकित है कि आईटी विभाग जिस मैक आईडी और आईपी एड्रेस से नाम बदले गए है, उनको पकड़ क्यों नही पा रहा है.

**जवाब आने के बाद कार्रवाई**

उक्त मामले में अपर आयुक्त अकाशसिंह ने बताया कि उपायुक्त पीसी जैन, के.एस. सगर, मुख्यालय सहायक राजस्व अधिकारी मयूर, संजय यादव, अजीम को नोटिस दिए हैं. उनका जवाब आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी. वहीं वर्ल्ड क्लास कंपनी को आउट सोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर सागर पंवार पर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं.

## एक नजर में

### सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी लांच किया

**इंदौर**. सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने गैलेक्सी ए27 5जी को लॉन्च करने की घोषणा की है. यह एक ऐसा डिवाइस है जो शानदार डिस्प्ले, भरोसेमंद परफॉर्मेंस और सोच-समझकर जोड़े गए एआई फीचर्स के साथ रोजमर्रा के मोबाइल अनुभव को और बेहतर बनाता है. गैलेक्सी ए26 5जी की सफलता को आगे बढ़ाते हुए, गैलेक्सी ए27 5जी में कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं जो अधिक से अधिक यूजर्स के लिए इसके इस्तेमाल को आसान और बेहतर बनाते हैं. बेहद स्मूथ और शानदार व्यूइंग एक्सपीरियंस के लिए 120 हर्ट्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.7 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है. 7.8 मिमी की पतली बॉडी के साथ, गैलेक्सी ए27 5जी को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे पूरे दिन हाथ में पकड़ना बेहद आरामदायक महसूस होता है. स्नैपड्रैगन 6 जेन 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म से लैस गैलेक्सी ए27 5जी पूरे दिन बेहतरीन रिस्पॉन्स देता है, फिर चाहे यूजर ऐप्स बदल रहे हों या मल्टीटास्किंग कर रहे हों. 12 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा भी दिया गया है, जो अलग-अलग लाइटिंग कंडीशंस में बेहतरीन ब्राइटनेस और शानदार कलर्स कैप्चर करता है, जिससे बेहद नैचुरल दिखने वाली सेल्फी मिलती हैं.

### ड्राइव्ह ने महेंद्र सिंह धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**इंदौर**. भारतीय ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक घोषणा करते हुए ड्राइव्ह ने भारत के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट आइकन महेंद्र सिंह धोनी को अपना नेशनल ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है. ड्राइव्ह, टेनेको का समर्पित आफ्टरमार्केट बिजनेस ग्रुप है, जिसने ऑटोमोटिव उद्योग के कई भरोसेमंद ब्रांड्स को एक मजबूत आफ्टरमार्केट पहचान के तहत एक साथ लाया है. ड्राइव्ह के प्रेसिडेंट, चिंतन सोपारीवाला ने कहा ड्राइव्ह के कई ब्रांड्स वैश्विक स्तर पर 100 वर्षों से अधिक समय से ग्राहकों की सेवा कर रहे हैं, और हम आने वाले अगले शतक को लेकर भी उतने ही उत्साहित हैं जितने पहले शतक को लेकर थे. एमएस धोनी उन्हीं स्थायी मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो हमारे ब्रांड्स की पहचान हैं- नेतृत्व, निरंतरता, विनम्रता और महत्वपूर्ण समय पर प्रदर्शन करने की क्षमता. भारतीय उपमहाद्वीप में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए हमें उनके साथ साझेदारी कर अत्यंत खुशी हो रही है.

### अमेजन प्राइम डे के 10 साल पूरे

**इंदौर**. अमेज़न प्राइम डे भारत में अपने दसवें संस्करण के साथ वापस आ गया है, जो 4 जुलाई को रात 12 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11.59 बजे तक चलेगा. इस दौरान प्राइम मेंबर्स को शानदार डील्स, बड़ी बचत, नए प्रोडक्ट्स के लॉन्च और मनोरंजन जैसी कई चीज़ें मिलेंगी. इस साल, प्राइम मेंबर्स ग्रोसरी, ताज़े फल व सब्ज़ियों, हेल्थ, बेबी केयर और पेट केयर जैसे रोज़मर्रा के ज़रूरी सामानों पर बड़ी बचत कर सकते हैं. साथ ही, वे नए ब्रांड्स, लिमिटेड-एडिशन लॉन्चेस और शॉपिंग के स्मार्ट तरीकों को भी जान सकेंगे, प्राइम डे आपके घर की रोज़मर्रा की ज़रूरतों की खरीदारी को आसान बनाता है और साथ ही नई व उपयोगी चीजों को खोजने का अवसर भी देता है. अमेज़न के एआई-संचालित शॉपिंग असिस्टेंट रुफस के साथ सही प्रोडक्ट्स खोजना अब और भी आसान हो गया है। भारत में प्राइम डे के 10 साल पूरे होने के मौके पर, अमेज़न नए मेंबर्स के लिए एक लिमिटेड-पीरियड एनिवर्सरी ऑफर भी पेश कर रहा है.

### जावा 42 आइवरी को मिला राइडर्स का शानदार रिस्पॉन्स

**इंदौर**. जावा 42 आइवरी, जिसे अपनी हालिया लॉन्चिंग के बाद से ही राइडर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, अब अमेजन.इन और फ्लिपकार्ट पर बुकिंग के लिए उपलब्ध है. कई शुरुआती मालिकों के लिए, आइवरी एडिशन का आकर्षण पहली ही नज़र में दिल को छू जाने वाला और बेहद व्यक्तिगत है. पुणे, महाराष्ट्र के शैलेंद्र एस नानेकर अपने अनुभव में आए इस बदलाव को बताते हैं, पावर में बढ़ोतरी तुरंत महसूस होती है. यह लंबी और सुकून भरी सवारी के लिए काफी रिफाइंड और आरामदायक महसूस होती है. आंध्र प्रदेश के हरि, जो हाल ही में जावा 42 आइवरी को अपने घर लाए हैं, बताते हैं कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी में ये तत्व कैसे एक साथ आते हैं, आइवरी रंग ने मुझे तुरंत अपनी ओर आकर्षित कर लिया. त्योहारों के मौकों पर जब मैं पारंपरिक पोशाक पहनता हूं, तो यह मोटरसाइकिल पूरे लुक को कॉम्प्लीमेंट करती है. इसका सॉफ्ट पेस्टल शेड मैरून, क्रीम या गोल्ड जैसे मिट्टी के रंगों के साथ खूबसूरती से मेल खाता है. यह उस पल को एक बेहद क्लासिक फील देता है.

### सिंटेक्स का 'स्मार्ट' टैंक अब इंदौर में

**इंदौर**. वेलस्पन वर्ल्ड के अंतर्गत आने वाली कंपनी सिंटेक्स ने इंदौर में एक इनोवेटिव सिंटेक्स स्मार्ट टैंक लॉन्च किया है. यह टैंक 100% वर्जिन प्लास्टिक से बना है, जो भारतीय परिवारों के स्वास्थ्य और बेहतर सेहत को प्राथमिकता देता है. भारतीय परिवारों की बजट-सम्बंधी आवश्यकताओं को समझते हुए, सिंटेक्स ने स्मार्ट टैंक को किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराया है, ताकि बेहतर क्वालिटी वाला वॉटर स्टोरेज समाधान इंदौर में हर परिवार की पहुंच में हो. नए उत्पाद लॉन्च पर यशोवर्धन अग्रवाल, एम डी, वेलस्पन बीएपीएल लिमिटेड और डाइरेक्टर सिंटेक्स ने कहा सिंटेक्स में, हम गुणवत्ता, टिकाऊपन और स्वच्छता पर ध्यान देने के साथ इनोवेशन और सस्टेनेबल वॉटर स्टोरेज समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हमारा उद्देश्य है बढ़ती हुई विश्वसनीय पानी के भंडारण की मांग को लगातार पूरा करना, ताकि सुरक्षित और स्वच्छ पानी सभी घरों तक पहुँच सके.

# निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव आज से, कबीर यात्रा में मालवा की सशक्त सहभागिता

**इंदौर. उत्तरप्रदेश संस्कृति विभाग एवं कबीर अकादमी, मगहर द्वारा 27 जून से 29 जून तक आयोजित निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव के अंतर्गत मगहर से वाराणसी तक आयोजित होने वाली कबीर यात्रा में इस बार मालवा की सशक्त और प्रभावशाली भागीदारी देखने को मिलेगी.**



इस गौरवशाली आयोजन में मालवा क्षेत्र से पद्मश्री प्रह्लाद सिंह टीपण्या, कालूराम बामनिया एवं भेरूसिंह चौहान जैसे ख्यातिप्राप्त कबीर गायक विशेष रूप से आमंत्रित किए गए हैं. साथ ही कबीर के सामाजिक-सांस्कृतिक आंदोलन के प्रणेता डॉ. सुरेश पटेल कबीर की वैश्विक उपस्थिति के बारे में व्याख्यान देंगे. कबीर जन विकास समूह के तत्वावधान में बंजारन सिस्टर्स द्वारा कबीर गायन प्रस्तुत किया जाएगा. वहीं सहजयोग साइंस ऑफ लिविंग से जुड़ी प्रीति बामनिया अपने समूह के साथ योग मुद्राएं, कबीर वाणी पर आधारित योग-नृत्य, आदिवासी एवं गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां देंगी. इस यात्रा में शिक्षाविद डॉ. चारुशीला मौर्य एवं समाजसेवी छोटेलाल भारती भी सहभागिता करेंगे। लगभग 35 सदस्यों का दल इंदौर से प्रस्थान कर कबीर के परनिर्वाण स्थल मगहर पहुंचेगा और वहां से वाराणसी स्थित कबीर जनस्थली तक यात्रा करेगा.

# जाली पर जमा हो रहा टूटा छज्जा

- राहगीरों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

नवभारत न्यूज


**इंदौर. शहर के सबसे व्यस्त और ऐतिहासिक क्षेत्र राजवाड़ा में एक इमारत लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है. आईसीआईसीआई बैंक के ठीक सामने स्थित इस इमारत के टूटते छज्जे से बचाव के लिए सुरक्षा के मद्देनज़र छज्जे को जाली लगा कर टूटते छज्जे सुरक्षित किया गया है लेकिन अब वही जाली नए खतरे की वजह बनती दिखाई दे रही है.**





इमारत के छज्जे से टूटकर गिर रहा कंक्रीट और मलबा जाली पर जमा होता जा रहा है. यदि यह भार जाली की क्षमता से अधिक हो गया, तो उसके टूटने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. ऐसी स्थिति में नीचे से गुजरने वाले राहगीर और वाहन चालक किसी बड़े हादसे का शिकार हो सकते हैं. राजवाड़ा जैसे अत्यधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में प्रतिदिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं. ऐसे में जिम्मेदार विभागों को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए. यदि समय रहते छज्जे और जाली की स्थिति नहीं सुधारी गई, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है. जर्जर छज्जे की मरम्मत या उसे सुरक्षित तरीके से हटाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके.

**सूचना पत्र जारी करेंगे**- भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि जर्जर स्थिति होने पर उसे छज्जे को हटाने के लिए संबंधित हो सूचना पत्र जारी करेंगे कि वह स्वयं छज्जे का हिस्सा हटा लें या फिर नगर निगम उस हिस्से को हटाने की कार्रवाई करेगा.



# कलाकृति में छिपा प्रकृति और बारिश का खूबसूरत संदेश

*मानो बादलों की राह तक रहे हों शेर और शावक*

नवभारत न्यूज़

**इंदौर.** कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के बाहर नदी किनारे बनाई गई शेर के परिवार की आकर्षक कलाकृति इन दिनों राहगीरों का ध्यान खींच रही है. यह दृश्य ऐसा एहसास कराता है मानो शेर और उसके शावक नदी के किनारे बारिश का इंतज़ार कर रहे हों. ऐसा लगता है कि बस तेज़ बारिश हो, नदी का जलस्तर बढ़े और उनकी प्यास बुझ जाए.

यह कलाकृति केवल सौंदर्य का प्रतीक नहीं, बल्कि प्रकृति, वन्यजीवन और जल संरक्षण का एक भावनात्मक संदेश भी देती है. बरसात के मौसम में यह दृश्य और भी जीवंत प्रतीत होता है, जिससे गुजरने वाले लोग कुछ पल ठहरकर इसे निहारने और तस्वीरें लेने से खुद को रोक नहीं पाते.

# हल्की बारिश का दौर जारी, मौसम हुआ खुशनुमा



**इंदौर.** शहर में मानसून की दस्तक के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई है. शुक्रवार को भी हल्की बारिश का दौर जारी रही रहा. आंकड़ों में भले ही कुछ मिमी बारिश हुई हो लेकिन मौसम सुहावना होने से शहरवासियों के चेहरे खिल उठे हैं.

किसानों में भी खुशी का माहौल है ।किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से खरीफ फसलों की बुवाई में तेजी आएगी और फसलों को पर्याप्त नमी मिलेगी. दूसरी ओर शहर के कुछ क्षेत्रों में जलभराव और ट्रैफिक जाम की समस्या भी देखने को मिली, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा. कुल मिलाकर मानसून की शुरुआत ने किसानों के लिए उम्मीदें बढ़ाई हैं और शहरवासियों को गर्मी से राहत दी है.



# नेहरू नगर की खतरनाक बिल्डिंग का दौरा किया

**इन्दौर.** शॉपिंग काम्प्लेक्स में हाउसिंग बोर्ड के ऑफिस में हितग्राही समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया. इसमें नामांतरण, लीज, नवनीकरण, रजिस्ट्री, फ्री होल्ड, एनओसी जैसी समस्यों का निराकरण किया गया. इसमें लगभग 100 रहवासी उपस्थित हुए. शिविर में रजिस्ट्री, नामांतरण, जेसे मामले शिविर में आये, मुख्य रूप से हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने नेहरू नगर तीन मंजिला जर्जर भवन का भी दौरा किया. साथ में पूर्व पार्षद चन्दू शिन्दे और अनिल सोनोने भी थे. समस्या को देखते हुए तुरन्त ही निराकरण की बात कही. समाज सेवी चन्द्र शेखर शर्मा ने बताया कि 16 बिल्डिंग्स में 10 हजार लोग रहते हैं. हरेक बिल्डिंग की हालत बद से बद्तर हो रही है.

## एक नजर में | बाजारों में नए डिजाइनों की धूम

# बारिश की दस्तक के साथ बढ़ी रेनकोट और छतरियों की मांग

**इंदौर.** शहर में मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश का दौर शुरू हो गया है। पिछले कुछ दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश और सुहावने मौसम ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई है। बारिश के चलते जहां शहर के जलाशयों और हरियाली में नई ताजगी दिखाई देने लगी है, वहीं बाजारों में भी बारिश से जुड़े सामानों की खरीदारी तेज हो गई है ।इंदौर के राजवाड़ा, मालवा मिल, जेल रोड, एमटीएच मार्केट और अन्य प्रमुख बाजारों में रेनकोट, छतरियां, वाटरप्रूफ बैग कवर, गमबूट्स और रेन प्रोटेक्शन से जुड़े उत्पादों की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। दुकानों पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए नए-नए डिजाइनों वाले रेनकोट ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं. इस वर्ष ट्रांसपेरेंट, रंग-बिरंगे, फोल्डेबल और फैशनेबल रेनकोट सबसे अधिक पसंद किए जा रहे हैं ।व्यापारियों का कहना है कि मानसून की शुरुआत के साथ ही बिक्री में तेजी आई है और आने वाले दिनों में बारिश बढ़ने के साथ मांग और बढ़ने की उम्मीद है। स्कूल-कॉलेज खुलने के कारण अभिभावक अपने बच्चों के लिए रेनकोट और मजबूत छतरियां खरीद रहे हैं ताकि बारिश के दौरान उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े. बारिश के मौसम ने जहां लोगों को राहत दी है, वहीं शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ा दी है. मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है, जिसके चलते व्यापारियों को इस सीजन में बेहतर कारोबार की उम्मीद है.



### आकर्षक प्रिंट हो रहे लोकप्रिय

व्यापारी शांतनु साहू ने बताया कि बाजार में साधारण छतरियों से लेकर ऑटोमैटिक और विंडप्रूफ छतरियों तक की अच्छी मांग है. वहीं युवाओं में आकर्षक प्रिंट और आधुनिक डिजाइनों वाले रेनकोट लोकप्रिय हो रहे हैं. कई दुकानदारों ने ग्राहकों की सुविधा के लिए नए कलेक्शन और विशेष छूट भी उपलब्ध कराई है.